# Bilasa Devi Kevat Airport Bilaspur (Chakarbhatha)

Directorate of Aviation, Government of Chhattisgarh

कमांक BDKAB / नो.अधि/संविदा नियुक्ति. / 2026–27 बिलासपुर दिनांक 27 / 07 / 2026

## संविदा नियुक्ति हेतु विज्ञापन

विमानन संचालनालय, केपिटल कॉम्पलेक्स महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर छ.ग. के पत्र कं. ESTB-101(2)/42/2025/DOA/994 नवा रायपुर दिनांक 25 / 11 / 2025 के द्वारा बिलासपुर एयरपोर्ट हेतु स्वीकृत पद पर "संविदा" पर पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों से रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक **10 / 08 / 2026** तक निर्धारित प्रारुप में आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

| कमांक | पद का नाम | विशेष संविदा वेतन | वेतनमान | पद संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Accountant | 23350.00 | वे.मे.ले.–06 | 01 (अनारक्षित) |
| | | **योग :–** | | **0 1** |

**शैक्षणिक अर्हताऐं :–**

**स.कं.–(1) Accountant हेतु निर्धारित योग्यता का विवरण निम्नानुसार है :–**

1. B.Com with ICWA/CA/MBA full time regular (two years duration) with specialization in finance.

**सामान्य निर्देश** :–

1. अभ्यर्थी को लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम उल्लेखित किया जाना अनिवार्य होगा।
2. यदि उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध न हो तो अतिरिक्त योग्यता एवं उपयुक्तता वाले अभ्यर्थियों को छूट दी जाएगी।
3. विज्ञापन में उल्लेखित सभी व्यावसायिक योग्यताओं के प्रमाण पत्र की प्रतियां आवेदन के साथ संलग्न करनी होंगी।
4. आवेदन पत्र के ऊपरी दाहिने कोने पर अभ्यर्थी का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाया जाना चाहिए।
5. सरकारी / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम / स्वायत्त संगठन के अंतर्गत कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना होगा एवं उम्मीदवार को व्यक्तिगत साक्षात्कार के समय वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6. अधूरी, त्रृटिपूर्ण या गलत जानकारी वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। नियुक्तिकर्ता अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों / नियुक्तियों को अस्वीकार कर सकती है।
7. छत्तीसगढ़ सिविल सेवा संविदा नियुक्ति नियम 2012 (विभागीय सेवा नियम सहित) चयनित अभ्यर्थी पर लागू होगा।
8. सरल कमांक 01 से 03 में उल्लेखित पद हेतु न्यूनतम आयु 21 वर्ष और अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी तथा सरल कमांक 04 में उल्लेखित पद हेतु न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी। छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग (नियम शाखा) मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के परिपत्र कं. एफ 3–2 / 2015 / 1–3 नवा रायपुर दिनांक 03 / 08 / 2024 के अनुसार छ.ग. के निवासी

अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट की पात्रता होगी तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर कीमीलेयर) के अभ्यर्थी के सबंध में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट पृथक से होगी। इस प्रकार एक से अधिक आधार पर छूट के उपरांत अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। कोई अभ्यर्थी जो छत्तीसगढ़ के भूतपूर्व सैनिक हो, उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई समस्त प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने की अनुज्ञा दी जाएगी बशर्ते इसके परिणाम स्वरूप जो आयु हो, वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।

(क) आयु की गणना दिनांक 01–01–2026 के अनुसार की जाएगी।

(ख) आयु प्रमाण के लिए केवल 10वीं और 12वीं की अंकसूची ही स्वीकार की जाएगी।

9. छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय नागरिक को प्राथमिकता दी जायेगी, बशर्ते वह सभी योग्यता मापदण्डों को पूरा करता हो।
10. चयन प्रक्रिया के लिये, विभागीय चयन नियम के शेष शर्ते लागू होंगे।
11. निश्चित मासिक संविदा वेतन दिया जाएगा (जिसमें मकान, वाहन, चिकित्सा एवं अन्य सभी भत्ते शामिल हैं)।
12. अनुबंध की अवधि 01 वर्ष के लिए होगी और प्रदर्शन, ईमानदारी और आपसी सहमति के आधार पर आगे की अवधि के लिए बढ़ाई जा सकेगी।
13. अभ्यर्थी को अपने कर्तव्य के लिए चिकित्सकीय एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए।
14. किसी भी स्तर पर भर्ती प्रक्रिया में नियमों में संशोधन भर्ती प्रक्रिया निरस्त करने का संपूर्ण अधिकार कलेक्टर बिलासपुर का होगा।
15. किसी भी स्तर में विवाद उत्पन्न होता है तो कलेक्टर बिलासपुर का निर्णय मान्य एवं अंतिम होगा।

**चयन प्रक्रिया** :– योग्य उम्मीदवारों को एक पद के लिए 10 अभ्यर्थियों के अनुपात में साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया जाएगा। उच्च योग्यता और अनुभव वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**योग्यता के लिए चयन मापदण्ड/अंकों का महत्व :–**

1. **Accountant :-**

| स.क्र. | शैक्षणिक योग्यता | अंक |
|---|---|---|
| 1 | B.Com with ICWA/CA/MBA full time regular (two years duration) with specialization in finance. | 70 |
| 2 | Experience for each year (Experience as Accountant in any office of the state govt./state local body 05 point per year maximum 20 point) | 20 |
| 3 | Chhattisgarh Native (Certificate issued by the competent authority) | 5 |
| 4 | Interview | 5 |
| | योग | 100 |

नोडल अधिकारी
बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट
चकरभाठा, बिलासपुर (छ.ग.)

# आवेदन पत्र का प्रारुप

स्वप्रमाणित पासपोर्ट फोटो

प्रति,

नोडल अधिकारी
बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट
चकरभाठा, बिलासपुर (छ.ग.)
पिन कोड–495220

1. आवेदित पद का नाम :– ............................................................
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :– ............................................................
   आवेदक का पूरा नाम (अंग्रेजी में):– ............................................................
3. पिता/पति का नाम :– ............................................................
4. अ. जन्म तिथि (अंको में) :– ............................................................
   ब. जन्म तिथि (शब्दों में :– ............................................................
   स. आयु सीमा में छूट चाहते है हां/नहीं
   द. आयु सीमा में छूट का आधार:– ............................................................
   (प्रमाण पत्र संलग्न करें)
5. लिंग (पुरुष/महिला) :– ............................................................
6. जाति/वर्ग :– ............................................................
   (अनु.जा./अनु.ज.जा/अन्य पिछड़ा वर्ग होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण संलग्न करें)
7. शैक्षणिक योग्यता :–

| क्रं. | परीक्षा का नाम | बोर्ड/वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

8. पत्र व्यवहार का वर्तमान पूर्ण पता :– ..............................................................................

दूरभाष नं. सहित ई–मेल आईडी :– ..............................................................................

9. स्थाई पता :– ..............................................................................

..............................................................................

10. छ.ग. के मूल निवासी हां / नहीं :– ..............................................................................

(प्रमाण पत्र संलग्न करें)

11. अनुभव :– ..............................................................................

(प्रमाण पत्र संलग्न करें) ..............................................................................

12. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची :–

| | |
|---|---|
| 1. ................................................ | 5. ................................................ |
| 2. ................................................ | 6. ................................................ |
| 3. ................................................ | 7. ................................................ |
| 4. ................................................ | 8. ................................................ |

दिनांक :– ..................................

स्थान :– ..................................

आवेदक के हस्ताक्षर एवं नाम
मोबाईल नं.

मै एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण एवं संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी के अनुसार है, यदि उपरोक्त तथ्य असत्य पाया जाता है तो मेरी उम्मीद्वारी / नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी।

दिनांक :– ..................................

स्थान :– ..................................

आवेदक के हस्ताक्षर